Helpline 1064

94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **कोटा में गिरदावर भू–अभिलेख निरीक्षक 4 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार**
- **आवास एवं अन्य ठिकानों की तलाशी जारी**

जयपुर, *20 जुलाई।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर कोटा देहात इकाई द्वारा आज मंगलवार को कार्यवाही करते हुये सुरेश कुमार सुमन गिरदावर भू–अभिलेख निरीक्षक श्यामपुरा व विनोदखुर्द, तहसील सांगोद, जिला कोटा को परिवादी से 4 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री भगवान लाल सोनी ने बताया कि ए.सी.बी. की कोटा देहात इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि इन्तकाल तस्दीक करने की एवज में सुरेश कुमार सुमन गिरदावर भू–अभिलेख निरीक्षक श्यामपुरा व विनोदखुर्द, तहसील सांगोद, जिला कोटा द्वारा 4 हजार रुपये रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी कोटा देहात के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती प्रेरणा शेखावत** के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज **पुलिस निरीक्षक श्री वासुदेव** एवं उनकी टीम द्वारा ट्रेप कार्यवाही करते हुये सुरेश कुमार सुमन पुत्र श्री राधेश्याम निवासी मकान नं0 991, सुभाष नगर द्वितीय, अन्नतपुरा, कोटा हाल गिरदावर भू–अभिलेख निरीक्षक श्यामपुरा व विनोदखुर्द, तहसील सांगोद, जिला कोटा को परिवादी से 4 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

एसीबी के अतिरिक्त महानिदेशक श्री दिनेश एम.एन. के निर्देशन में आरोपी के आवास एवं अन्य ठिकानों की ए.सी.बी. टीमों द्वारा तलाशी जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

एसीबी महानिदेशक, श्री भगवान लाल सोनी ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***टोल–फ्री हैल्पलाईन नं.*** 1064 *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.*** 94135–02834 पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।** विदित रहे कि एसीबी राजस्थान राज्य में राज्य कर्मियों के साथ–साथ केन्द्र सरकार के कार्मिकों के विरूद्ध भी कार्यवाही करने को अधिकृत है।